ITBP स्थापना दिवस 2024

स्रोत: PIB

हाल ही में प्रधानमंत्री ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) के हिमवीरों और उनके परिवारों को ITBP स्थापना दिवस के अवसर पर शुभकामनाएँ दीं। ITBP गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत एक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है।

- इसकी **स्थापना 24 अक्तूबर, 1962** को भारत - चीन युद्ध के दौरान की गई थी और यह एक सीमा सुरक्षा पुलिस बल है जो उच्च ऊँचाई वाले अभियानों में विशेषज्ञता रखता है।
  - वर्ष 2004 में, केंद्र की **"एक सीमा एक बल"** सिफारिश के आधार पर, **लद्दाख में काराकोरम दर्रे से अरुणाचल प्रदेश में जचेप ला तक** संपूर्ण 3,488 किलोमीटर **भारत-चीन सीमा** को ITBP को सौंप दिया गया था।
  - इसके बाद ITBP ने सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में असम राइफल्स से सीमा सुरक्षा का कार्यभार संभाला।
- **आदर्श वाक्य: "शौर्य-दृढ़ता-कर्म निष्ठा"।**
- वर्तमान में यह **जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश** में तैनात है।
- ITBP **हिमालयी क्षेत्र** में **प्राकृतिक आपदाओं के लिये 'प्रथम प्रतिक्रियाकर्त्ता' के रूप में राहत और बचाव अभियान** भी संचालित करता है।

//



और पढ़ें: भारत की सीमा और उसका प्रबंधन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/itbp-foundation-day-2024